# सहयोगात्मक पर्यवेक्षण

## जनपद हरदोई

**23–25 मई, 2017**

टीम–

- **डा0 स्वप्ना दास**
  महाप्रबंधक, मातृ स्वास्थ्य
- **बिशम्भर दयाल**
  सलाहकार, मातृ स्वास्थ्य
- **वेद प्रकाश त्रिपाठी**
  कार्यक्रम समन्वयक, आई0ई0सी0

## दिनांक: 23.05.2017 सी0एच0सी0 कछौना , जनपद– हरदोई

पर्यवेक्षण के बिन्दु–

1. चिकित्सालय परिसर में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी।
2. जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत वर्ष 2016–17 का 300 तथा माह अप्रैल, 2017 से दिनांक 20.05.2017 तक 225 लाभार्थियों का भुगतान लम्बित है। पूछने पर बताया गया खाता संख्या उपलब्ध नहीं है तथा लाभार्थी से मागे गये है।
3. जननी सुरक्षा योजना वार्ड में प्रोटोकॉल पोस्टर अपटूडेट था।
4. जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत डायट का रजिस्टर भरा जा रहा है।
5. लेबर रूम में केवल 6 प्रकार की ट्रे उपलब्ध थी।
6. कलर कोडेड डस्टबिन में पोलीथीन नहीं थी।
7. लेबर रूम में लगे प्रोटोकॉल पोस्टर अपडेट थे।
8. लेबर रूम में बेबी कार्नर लगा हुआ है, लेकिन कमरे अन्य सामान भी भरा था।
9. डिलेवरी के बाद लाभार्थियों को 48 घण्टे तक रूकने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।
10. ई0डी0एल0 एवं उपलब्ध सेवाओं की सूची आदि का डिस्प्ले कराया गया है।
11. सिटीजन चॉर्टर का डिस्प्ले कराया गया है।
12. आशा शिकायत निवारण समिति के सदस्यों के नाम का दीवार लेखन नहीं कराया गया है, दीवार लेखन कराये जाने का सुझाव दिया गया।
13. रोगी कल्याण समिति का रजिस्टर निर्धारित प्रारूप पर नहीं था तथा कोई कमेटी नहीं बनाई गयी थी।
14. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों से सम्बन्धित पोस्टर का डिस्प्ले कराया गया था।
15. 102 वाहन संख्या यू0पी084 जी0 0171 तथा 108 वाहन संख्या यू0पी041 जी0 1315 पर दो माह से फ्लैशर एवं हूटर नहीं लगे है। पूछने पर बताया गया कि अपने सुवरवाइजर को अवगत करा दिया गया है।
16. चिकित्सा इकाई में शार्प निडिल पिट नहीं है।
17. ए0एफ0एच0एस0 काउन्सलर को हाइटोमीटर व वजन मशीन उपलब्ध नहीं कराई गयी है।

## दिनांकः 23.05.2017 पी0एच0सी0 गौरी खालसा, ब्लाक कछौना, जनपद– हरदोई

र्यवेक्षण के बिन्दु–

1. चिकित्सालय परिसर में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक है। परन्तु चिकित्सा इकाई का मुख्य सम्पर्क मार्ग इतना खराब है कि कोई मरीज उस रास्ते का उपयोग नहीं कर पा रहा है।
2. प्रसव कक्ष में प्रोटोकॉल पोस्टर अपडेट है।
3. लेबर रूम में केवल 6 प्रकार की ट्रे उपलब्ध थी।
4. कलर कोडेड डस्टबिन में पोलीथीन नहीं थी।
5. लेबर रूम में बेबी कार्नर लगा हुआ है,
6. डिलेवरी प्रातः 09 से शाम 04 बजे तक ही हो रही है।
7. उपलब्ध सेवाओं की सूची आदि का डिस्प्ले कराया गया है।

## दिनांकः 24.05.2017 जिला महिला चिकित्सालय, जनपद– हरदोई

पर्यवेक्षण के बिन्दु–

1. चिकित्सालय परिसर में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी।
2. जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत वर्ष 2016–17 का 1425 तथा 20 अप्रैल, 2017 दिनांक तक 430 लाभार्थियों का भुगतान लम्बित है। पूछने पर बताया गया खाता संख्या उपलब्ध नहीं है तथा लाभार्थी से मागे गये है।
3. लाभाथिर्यो के भुगतान हेतु कोई भी प्रयास नहीं किया जा है।
4. जननी सुरक्षा योजना वार्ड में प्रोटोकॉल पोस्टर नहीं लगे थे।
5. जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत डायट का रजिस्टर भरा जा रहा है।
6. लेबर रूम में ट्रे उपलब्ध थी।
7. कलर कोडेड डस्टबिन में पोलीथीन थी।
8. 01 पेज की केस शीट उपलब्ध थी, जिस पर एम0सी0टी0एस0 नम्बर अंकित नही था।

प्रसूता की प्रसव उपरान्त मृत्यु हो गयी थी, राज्य स्तरीय टीम द्वारा उसके पति से पूछताछ करने पर पता चला की महिला की प्रसव पूर्व जांचों व एम0सी0पी0 कार्ड को चिकित्सा इकाई द्वारा देखने हेतु मांग नही की गयी थी।

10. भ्रमण के समय ओ0पी0डी0 में काफी भीड थी, पूछने पर पता चला कि गर्भवती महिलाओं के पेट की जांच न कर सीधे अल्ट्रासाउण्ड के लिये भेजा रहा था।
11. अल्ट्रासाउण्ड के कमरे में काफी भीड थी, पूछने पर डॉ0 द्वारा बताया गया कि स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा बिना पेट की जांच किये ही अल्ट्रासाउण्ड के लिये रिफर किया जा रहा था। एफ0 फार्म भी अल्ट्रासोनोलॉजिस्ट द्वारा ही भरा जा रहा था। कार्यवाहक सी0एम0एस0 को निर्देशित किया गया कि एफ0 फार्म स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा भरा जाये एवं अल्ट्रासाउण्ड जरूरत के अनुसार ही कराये जायें।
12. आयुष महिला चिकित्सक द्वारा भी गर्भवती महिला के बिना पेट जांचे ही अल्ट्रासाउण्ड के लिये भेजा जा रहा था।
13. जे0एस0वाई0 एडमिन मद से नियुक्त जे0एस0वाई0 सहायक द्वारा कोई कार्य नही किया जा रहा था। जे0एस0वाई0 व एम0सी0टी0एस0 का कार्य किसी अन्य द्वारा किया जा रहा था।
14. ए0एन0सी0 हेतु दो ए0एन0एम0 ड्युटी पर थी, जिसमें से एक द्वारा जांच व दूसरी के द्वारा आई0एफ0ए0 का वितरण किया जा रहा था एवं उनके द्वारा प्रथम ए0एन0सी0 हेतु आयी गर्भवती महिला का एम0सी0पी0 कार्ड नही बनाया जा रहा था
15. लेबर रूम में लगे प्रोटोकॉल पोस्टर अपडेट थे।
16. लेबर रूम में बेबी कार्नर लगा हुआ है। बच्चे को साफ कपडे में न लपेटकर घर के कपडों में लपेटा जा रहा था।
17. डिलेवरी के बाद लाभार्थी 48 घण्टे नही रूक रहे है तथा न ही उन्हें रूकने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।
18. ई0डी0एल0 एवं उपलब्ध सेवाओं की सूची आदि का डिस्प्ले नहीं कराया गया है।
19. सिटीजन चॉर्टर का डिस्प्ले नहीं कराया गया है।
20. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों से सम्बन्धित पोस्टर का डिस्प्ले नहीं कराया गया है।

21. ए0एफ0एच0एस0 काउन्सलर को हाइटोमीटर व वजन मशीन उपलब्ध नहीं कराई गयी है।

22. अस्पताल परिसर में पी.पी.पी. मोड पर संचालित पैथोलॉजी का कलेक्शन सेण्टर भी था।

23. ओ0पी0डी0 स्लिप पर मरीजों की थायराइड जांच, बिना कारण बताये लिखा जा रहा था, जिसपर महाप्रबंधक मातृ स्वा0 द्वारा बताया गया कि डॉ0 का पर्चा भी संलग्न होना चाहिये।

24. एन0सी0डी0 क्लीनिक एवं सम्पूर्णा क्लीनिक की काउन्सलर कमरे में खाली बैठी थी, उनके द्वारा मात्र 05 मरीजों का ही पंजीकरण किया गया था। महाप्रबंधक ने सी0एम0एस0 से प्रसूता के वजन के लिये उनकी सेवायें लेने की सलाह दी गयी।

25. ओ0पी0डी0 फार्मासिस्ट के यहां ओ.आर.एस./जिंक नही था, जिस हेतु सी0एम0ओ0 कार्यालय से मंगाने के लिये निर्देशित किया गया।

## ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस

| | | |
|---|---|---|
| दिनांक | : | 24.05.2017 |
| केन्द्र | : | दिवाली |
| उपकेन्द्र | : | जमालपुर |
| विकास खण्ड | : | बिलग्राम |
| जनपद | : | हरदोई |

**पर्यवेक्षण के बिन्दु–**

- सत्र प्रातः 8:00 प्रारम्भ हुआ। सत्र स्थल पर श्रीमती पूनम (ए0एन0एम0),उपस्थित थी।
- सत्र स्थल पर ड्यू लिस्ट उपलब्ध नहीं थी।
- सत्र स्थल पर जाँच करने का स्थान उपलब्ध था।
- सत्र स्थल पर पेयजल की व्यवस्था नहीं थी।
- सत्र स्थल पर ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस से सम्बन्धित बैनर नहीं लगा हुआ था।
- सत्र स्थल पर हब कटर, वजन मशीन, बी.पी. मशीन, स्टेथोस्कोप, थर्मामीटर, हीमोग्लोबिन स्ट्रिप, लेन्सेट, मैचिंग काउन्टर, ओ0आर0एस0, लाल ऑयरन की गोली, एम0सी0पी0 कार्ड, आवश्यक टीका आदि उपलब्ध था।

दिनांकः 25.05.2017 सी0एच0सी0 (एफ0आर0यू0) सण्डीला, जनपद– हरदोई

पर्यवेक्षण के बिन्दु–

1. चिकित्सालय परिसर में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी।
2. लेबर रूम में 7 प्रकार की ट्रे उपलब्ध थी,
3. लेबर रूम कलर कोडेड डस्टबिन नहीं था।
4. लेबर रूम प्रोटोकाल पोस्टर लगे हुए थे।
5. लेबर रूम से अटैच शौचालय पिछले 01 माह से चोक है।
6. लेबर रूम में रेफरल आउट रजिस्टर, प्रसव पंजिका रजिस्टर एवं एन्टी नेटल रजिस्टर उपलब्ध था।
7. आशा मासिक पंजिका में बैठक की कार्यवाही ठीक प्रकार से नहीं लिखी जा रही है।
8. आशा शिकायत निवारण समिति के सदस्यों के नाम का दीवार लेखन नहीं कराया गया है, दीवार लेखन करा लिये जाने का सुझाव दिया गया।
9. रोगी कल्याण समिति की पंजिका उपलब्ध नहीं करायी गयी।
10. जे0एस0एस0के डायट पंजिका के अनुसार रिपोर्ट का संकलन नहीं किया रहा है।
11. ई0डी0एल0 एवं उपलब्ध सेवाओं की सूची आदि का डिस्प्ले कराया गया है।
12. सिटीजन चॉर्टर का डिस्प्ले नहीं कराया गया है।
13. स्टोर में दवाईयों का रख–रखाव ठीक प्रकार से नहीं किया जा रहा है और किसी भी दवाई के ऊपर Not for sate की मोहर नहीं लगायी गयी है।
14. ए0एफ0एच0एस0 काउन्सलर को हाइटोमीटर व वजन मशीन उपलब्ध नहीं कराई गयी है।